फा.सं.05/04/2023-रा.भा.(सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-॥ भवन,
बी विंग, चौथा तल, जयसिंह रोड,
नई दिल्ली-110001
दिनांक 23 अप्रैल, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में रिक्ति वर्ष 2024 में उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित पदोन्नति के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संबंध में राजभाषा विभाग के दिनांक 03 अप्रैल, 2024 के कार्यालय ज्ञापन सं.05/04/2024-रा.भा.(सेवा) का संदर्भ ग्रहण करें।

2. रिक्ति वर्ष 2024 में उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित पदोन्नति के लिए विचाराधीन क्षेत्र में आने वाले 07 सहायक निदेशकों में से 04 सहायक निदेशकों के कतिपय अपेक्षित दस्तावेज़ अर्थात सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र (जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि इनके विरूद्ध न तो कोई सतर्कता संबंधित मामला लंबित है और ना ही चलाए जाने का प्रस्ताव है) व पिछले 10 वर्षों की छोटी/बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) तथा कुछ अवधि की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) राजभाषा विभाग को अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, जिनका विवरण 'अनुलग्नक-क' में दिया गया है। अतः संबंधित मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इसे प्राथमिकता के आधार पर अग्रिम कार्रवाई हेतु उपलब्ध करवाएं।

3. सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र एवं 10 वर्षों की छोटी/बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) के संदर्भ में मॉडल ड्राफ्ट की भाषा अनुलग्नक-ख में संलग्न है।

संलग्न: यथोपरि

23/4/2024

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

1. संबंधित मंत्रालय/विभाग के अवर सचिव (प्रशासन/स्थापना)।अनुरोध है कि सभी संबंधित अधिकारियों के अपेक्षित दस्तावेज शीघ्र राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवाएं।

2. एन.आई.सी, राजभाषा विभाग:-कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।

अनुलग्नक-क

क्र.सं.	अधिकारी का नाम (श्री/सुश्री/श्रीमती)	वर्तमान तैनाती	सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र	पिछले 10 वर्षों की छोटी-बड़ी शास्ति	वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) (मंगाए जाने है)
1.	सुधा वर्मा	राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22
2.	सज्जन कुमार	जल संसाधन ,नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग	प्राप्त हो गई है	प्राप्त हो गई है	20.01.2021-31.03.2021
3.	ज्योति मिश्रा	केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, लखनऊ	प्राप्त हो गई है	प्राप्त हो गई है	14.11.2019 - 31.3.2020, 2020-21 एवं 2021-22
4.	शीबा जयराज	नौवहन महानिदेशालय	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	2018-19 एवं 2021-22

*****

अनुलग्नक – ख

सं. 05/04/2023 - रा.भा. (सेवा)
भारत सरकार
मंत्रालय / विभाग का नाम

दिनांकः

विषय : सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र ।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री_________________, पद _______________ के विरुद्ध कोई सतर्कता संबंधी मामला ना तो लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है, एवं पिछले 10 वर्षों में उनके ऊपर कोई छोटी-बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है ।

हस्ताक्षर
सक्षम प्राधिकारी

राजेश कुमार, सहायक निदेशक (सेवा),

राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय,

एनडीसीसी-2 बिल्डिंग,

जय सिंह रोड, नई दिल्ली -110001